## एक नजर में

### खंडवा सनावद मेमू ट्रेन गुरुपूर्णिमा पर्व को देखते हुए बुधवार,गुरुवार भी चलेगी




खंडवा। खंडवा सनावद मेमू ट्रेन इस बुधवार और गुरुवार को मेंटेनेंस के लिए भुसावल नहीं भेजकर इसका परिचालन जारी रखा जाएगा। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने डीआरएम भुसावल को पत्र भेजकर गुरु पुर्णिमा पर्व को देखते हुए मांग की थी जिसको सेंट्रल रेलवे मुंबई से मंजूरी मिल गई है। प्रवक्ता सुनील जैन और रेल समिति सदस्य मनोज सोनी ने बताया कि खंडवा में आगामी 9 और 10 जुलाई को दादाजी धूनीवाले दरबार में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की आगमन को देखते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने डीआरएम भुसावल इति पांडे को पत्र भेजकर दादाजी भक्तों की सुविधा के लिए खंडवा सनावद मेमू ट्रेन को इन दो दिनों के परिचालन को यथावत जारी रखने की मांग की थी ।बुधवार और गुरुवार मेमू ट्रेन स्पेशल किराया से चलाई जाएंगी। ट्रेन संख्या 01091/92/93/94 नंबर से चलाई जाएंगी।

### विगत 35 वर्षों से दादाजी के भक्तों के लिए हो रहा है सब्जी एवं पुरी अचार का वितरण

**खंडवा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री दादाजी की नगरी में देश विदेश से लाखों श्रद्धालु आकर दादाजी धाम में निशान अर्पित कर मंदिर की परिक्रमा के साथ ही पूजन अर्चन कर मथा टेक अपने आपको धन्य महसूस करते हैं। खंडवा नगरी पधारनें वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए नगर की जनता द्वारा विभिन्न नि:शुल्क सुविधाओं के साथ जिलेभर में मुख्य मार्गों पर जगह-जगह भंडारों की व्यवस्था की जाती है। वहीं कमल युथ क्लब द्वारा दो दिवसीय विशाल भंडारे की व्यवस्था भवानी माता मंदिर के समीप खोखली माता मंदिर प्रागण में बुधवार 9 से गुरुवार 10 जुलाई तक की जायेगी। क्लब सदस्यों की मेहनत से आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली है। यह जानकारी देते हुए कमल यूथ क्लब अध्यक्ष विनोद देशराज वर्मा एवं प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस वर्ष कमल यूथ क्लब के सदस्यों द्वारा दादाजी भक्तों के लिए दो दिवसीय भंडारे के दौरान 9 जुलाई से लगभग 80 क्विंटल आटें की गरमा गरम पूरी एवं सब्जी के साथ आम एवं मिर्ची के स्वादिष्ट अचार की व्यवस्था की जाएगी। क्लब के संरक्षक माणकलाल अग्रवाल, सतनामसिंह होरा ने कहा कि दादाजी के भक्तों के लिए विगत 35 वर्षों से कमल यूथ क्लब नि:शुल्क भंडारे की व्यवस्था करता आ रहा है। क्लब के विनोद देशराज वर्मा, श्याम हेमवानी, माणकलाल अग्रवाल, शरद बंसल विजय खत्री, गणेश खूटवड, निर्मल मंगवानी आदि सहित अनेक सदस्य दादाजी भक्तों के लिए तैयारियों में जुटे हुए हैं

### लायन्स की रीजन 11की रीजन ऑफिसर्स मीट



खण्डवा। लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1 रीजन 11 श्रेया के रीजन चेयरपर्सन राजीव मालवीय की रीजन ऑफिसर्स मीट सूत्रपात का आयोजन निजी परिसर में सम्पन्न हुआ। रीजन आफिसर्स मीट में रीजन के खण्डवा के साथ ही महेश्वर, सनावद, बड़वाह, बुरहानपुर, भीकनगांव, मूँदी, के लायन्स व लियो क्लब के व डिस्ट्रिक्ट के पदाधिकारी उपस्थित हुए। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल खंडेलवाल, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रणवीर सिंह चावला, निर्मल जैन, आईएल मूंदड़ा, डिस्ट्रिक्ट केबिनेट सेक्रेटरी संजय डिंगडाग, डिस्ट्रिक्ट के रीजन व झोन कॉर्डिनेटर संतोष सोनी, रीजन चेयरपर्सन राजीव मालवीय व लायनेड अरुणा मालवीय, अध्यक्ष आशा उपाध्याय, झोन चेयरपर्सन सीमा जैन, प्रेरणा दुबे, अणिमा उबेजा कार्यक्रम संयोजक नारायण बाहेती ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राजीव मालवीय द्वारा सभा प्रारंभ की घोषणा की। स्वागत उद्बोधन लायन आशा उपाध्याय द्वारा दिया गया एवं सभी लायन्स क्लब खण्डवा के सदस्य एवं लियो क्लब खण्डवा द्वारा पुष्प गुच्छ, माला द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गवर्नर अनिल खंडेलवाल ने अपने उदबोधन में निमाड़ के इस रीजन को डिस्ट्रिक्ट का सेवा में अग्रणी रीजन बताया।

### खंडवा विधायक श्री दादाजी श्रृद्धा संगम निशान यात्रा के माध्यम से पहुंचेंगी आज दादाजी धाम

**खंडवा।** दादाजी की नगरी खंडवा दादाजी के नाम स्मरण से गूंज रही है। चारों ओर भजलो दादाजी का नाम भजलो हरिहर जी का नाम का स्मरण करते हुए बैंड बाजो के साथ शहर के साथ ही देश भर के श्रद्धालु दादाजी की भक्ति धार्मिक उत्साह के साथ दादाजी धाम पहुंचकर निशान अर्पित कर रहे हैं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि दादाजी धाम पर मुख्य रूप से 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा मनाई जाएगी। पूरे देश भर से लाखों दादाजी भक्त दादाजी के चरणों में नमन करने पहुंचेंगें। खण्डवा विधानसभा क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति-उन्नति के लिए 9 जुलाई बुधवार को गुरुगादी श्री श्री 1008 श्री ब्रह्मगीर महाराज मंदिर से खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे दादाजी भक्तों के साथ आशीर्वाद लेकर श्री श्री 1008 श्री दादाजी धूनीवाले दरबार निशान अर्पित करने पहुंचेंगे। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि 9 जुलाई बुधवार प्रात: 8.00 बजे से ब्रह्मगीर महाराज गुरुगादी से निशान यात्रा प्रारंभ होकर ग्राम अमलपुरा, भावसिंहपुरा चौराहा ग्राम रुधी, जूनापानी, केंद्रीय विद्यालय, पंडित दिनदयाल उपाध्याय चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा भारतीय जनता पार्टी कार्यालय इंद्रा चौक चौराहा, बॉम्बे बाजार, नगर निगम चौराहा, देवनारायण चौक, पुरानी अनाज मंडी शाम 4.30 बजे पहुंचेंगे। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी चार अन्य धार्मिक स्थानों से कावेश्वर कुंड से निकलने वाली निशान यात्रा, सूरजकुंड से निकलने वाली निशान यात्रा, रामेश्वर कुंड से निकलने वाली निशान यात्रा, पदमकुंड से निकलने वाली निशान यात्रा, भीमकुंड से निकलने वाली निशान यात्रा का संगम पुरानी अनाज मंडी में होगा। जहां संतो का मार्गदर्शन एवं धर्मसभा होने के पश्चात् श्री दादाजी धाम प्रस्थान कर शाम 6.00 बजे निशान अर्पित करेंगे।

### किसानों के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा

**खंडवा।** शासन द्वारा जिले में खरीफ सीजन हेतु उर्वरकों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि आगामी समय में किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए यूरिया एवं अन्य रासायनिक उर्वरकों की पूर्ति के लिए लगातार वरिष्ठ कार्यालय से डिमांड की जा रही है और आवश्यकता अनुसार पर्याप्त उर्वरक प्राप्त भी हो रहा है। उप संचालक, कृषि नीतेश यादव ने बताया कि कृषि वैज्ञानिकों द्वारा खरीफ फसलों हेतु यूरिया, डीएपी के स्थान पर अन्य उर्वरक जैसे नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एनपीके 16:16:16 एवं एनपीके 20:20:0:13 आदि उर्वरकों के उपयोग की सलाह भी दी गई है। जिससे समय पर फसलों को पोषक तत्वों की पूर्ति की जा सके, ताकि फसल प्रभावित न हो। जिले की 10 सहकारी संस्थाओं से नगद में यूरिया वितरण का कार्य किया जा रहा है। उपसंचालक कृषि श्री यादव ने बताया कि जिला मुख्यालय पर मार्कफेड के 2 केन्द्रों से, मार्केटिंग सोसाइटी के एक केंद्र से नगद में यूरिया के साथ साथ अन्य रासायनिक उर्वरकों का भी लगातार वितरण कराया जा रहा है। वहीं मार्कफेड द्वारा खालवा, हरसूद, एवं पुनासा में एक एक केंद्र खोलकर यूरिया के साथ साथ अन्य रासायनिक उर्वरकों का वितरण कराया जा रहा है। जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था अंतर्गत नगद विक्रय केन्द्रों पर निजी उर्वरक विक्रेताओं के काउन्टर भी लगाकर उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। ताकि एक जगह पर किसान भाइयों की भीड़ न हो, और आसानी से सभी किसानों को उर्वरक मिल सके। उपसंचालक कृषि श्री यादव ने बताया कि मंगलवार तक जिले में यूरिया 18022 मेट्रिक टन, डीएपी 3785 मेट्रिक टन, एनपीके 6922 मेट्रिक टन, एम.ओ.पी 1434 मेट्रिक टन एवं सिंगल सुपर फॉस्फेट 10113 मेट्रिक टन का वितरण कराया जा चुका है। इसके साथ ही जिले में प्रत्येक उर्वरक विक्रय केंद्र पर विभागीय अधिकारीयों की ड्यूटी लगाई जाकर उर्वरक वितरण का कार्य सुचारू रूप से कराया जा रहा है। जिससे कि किसान भाइयों को निर्धारित मूल्य पर आसानी से उर्वरक प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि किसानों की मांग के अनुसार मार्कफेड से प्रतिदिन लगभग 800 से 1000 कृषकों को नगद में उर्वरक वितरण किया जा रहा है, वही जिले की सहकारी समितियों से ऋण आधार पर उर्वरक वितरण का कार्य किया जा रहा है।

# बच्चे ने जनसुनवाई में बांटी मिठाई

नवभारत न्यूज

**खंडवा। शासन के निर्देश अनुसार सभी कार्यालयों में मंगलवार को प्रात: 11 बजे से "जनसुनवाई" कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याएं सुनी जाती हैं, और अधिकारीगण उनका मौके पर ही निराकरण का प्रयास करते हैं।**

पिछले मंगलवार को जिले के ग्राम सुरगांव जोशी निवासी 14 वर्षीय बालक स्वराज सांवले ने कलेक्टर ऋषव गुप्ता को आवेदन देकर अपने आधार पंजीयन में जन्मतिथि गलत होने की समस्या बताते हुए आधार कार्ड में सही जन्मतिथि अंकित कराने का अनुरोध किया था।

जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिले के ई-गवर्नेंस मैनेजर अनिल चंदेल को निर्देश देकर अगली जनसुनवाई से पहले बालक स्वराज के आधार कार्ड में जन्मतिथि सुधार कर आधार अपडेट कराने के निर्देश दिये।





कलेक्टर के निर्देश पर बालक के आधार पंजीयन में जन्मतिथि सही

स्वराज के पिता जितेंद्र ने बताया कि आधार कार्ड और मार्कशीट में अंकित जन्मतिथि में अंतर होने से उसे स्कूल सहित हर स्तर पर समस्या आ रही थी। इसके लिए वह कई कार्यालयों के चक्कर लगा चुका था। जनसुनवाई में समस्या हल होने पर अब जितेंद्र और उसका बेटा स्वराज बहुत खुश है।

अंकित हो गई और उसे नया आधार कार्ड मिल गया।

कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में बालक स्वराज ने कलेक्टर श्री गुप्ता को अपना नया आधार कार्ड दिखाकर धन्यवाद दिया। स्वराज अपने नए आधार कार्ड के साथ मिठाई का डिब्बा लेकर भी आया था। उसने जनसुनवाई में उपस्थित अधिकारियों को मिठाई खिलाई और खुशी खुशी अपने घर वापस गया।

# विट्ठल-विट्ठल नाम स्मरण से गूंज रहा मंदिर

## प्राचीन विट्ठल मंदिर में चल रहे नाम सप्ताह उत्सव के तहत सात दिनों तक 24 घंटे हो रहे हैं भजन

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** सैकड़ो वर्ष प्राचीन विट्ठल मंदिर में प्रतिवर्ष अषाड के महीने में सात दिनों तक नाम सप्ताह उत्सव धार्मिक उत्साह के साथ बनाया जा रहा है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि 7 दिनों की प्रतिदिन राम श्याम आष्टेकर परिवार द्वारा भगवान विट्ठल और रुखमाई का विशेष श्रृंगार के साथ आरती की जा रही है। प्रतिदिन 24 घंटे अलग-अलग भजन मंडलियों द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी जा रही है। सभी भजन मंडल नियत समय से आकर उत्सव को सफल बना रहे है। सुनील जैन ने बताया कि प्रति दिन दोपहर 1 से 3 शहर के अलग अलग महिला मंडल आकर उत्सव को सफल बना रही है। उत्सव में भजन कीर्तन गायन के साथ साथ श्रोता भक्त भाव विभोर होकर नृत्य का रहे है, कभी मंडल में बालक बालिका कृष्ण रुक्मणि वेशभूषा में तैयार होकर नाचते दिखते है तो कभी किसी मंडल में फुगड़ी खेलते दिखाई पड़ता है। शहर के कई अलग अलग हिन्दू समाज के लोग आकर उत्सव को बहुत आनंद पूर्वका मना रहे है। उत्सव में प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में भगवान का आकर्षक श्रृंगार होता है।



10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा मनाई जाएगी। 11 जुलाई को काकड़ा आरती के साथ उत्सव का समापन होगा। 11 जुलाई को शाम 5 बजे विठ्ठल भगवान की पालखी निकलेगी।

# विश्व शांति के लिए निकाली निशान यात्रा

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा वर्ष 2004 से गुरु पूर्णिमा पर्व पर खण्डवा आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था कर रहा है। गुरु पूर्णिमा पर्व पर प्रदेश व अन्य राज्यों से दादाजी भक्त श्री दादाजी धुनि वाले आश्रम में पैदल निशान यात्रा लेकर आते है व दादाजी मन्दिर में निशान पेश करते है।

## लायन्स क्लब खण्डवा करेगा गुरु पूर्णिमा पर भोजन प्रसादी


नारायण बाहेती ने बताया कि लियो क्लब खण्डवा अध्यक्ष सुमित परिहार, आसन्नपूर्व अध्यक्ष अर्पित बाहेती, सचिव अभिषु शर्मा, कोषाध्यक्ष केतन वर्मा की पहल पर लायन्स व लियो सदस्यों ने जिला चिकित्सालय के सामने स्थित लायन्स भवन में निशान व श्री दादाजी के चित्र का पूजन कर दादाजी से विश्व शांति की कामना के लिए निशान यात्रा प्रारम्भ की। बाजे के साथ भज लो दादाजी का नाम भजलो हरिहर जी का नाम का जाप करते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दादाजी धाम पहुँचकर निशान पेश किया।

निशान यात्रा में लियो अर्पित बाहेती, सुमित परिहार, शिवम जायसवाल, पवन जायसवाल, सागर अरोरा, पीयूष शुक्ला, केतन वर्मा, मास्टर अक्षांत अग्रवाल, श्वेता बाहेती, लायन्स के गुरमीत सिंह उबेजा, नारायण बाहेती, घनश्याम वाधवा, राजीव शर्मा, गांधी प्रसाद गदले, राजू जोशी, राकेश मालवीय, अणिमा उबेजा, हेमलता पालीवाल, सुनीता परिहार, हेमलता पालीवाल, श्रद्धा पालीवाल व सदस्यों ने निशान यात्रा में सह भागिता की।

श्री बाहेती ने बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी लायन्स क्लब खण्डवा व लियो क्लब खण्डवा द्वारा रेल्वे स्टेशन स्थित लायन्स भोजन सेवा व प्याऊ पर गुरुपूर्णिमा को हजारों श्रद्धालुओं के लिए सब्जी, पूड़ी, खिचड़ी, आलूबड़ा, भजिये की व्यवस्था की जा रही है। जिसमे हलवाई टीम के साथ ही अध्यक्ष आशा उपाध्याय, सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाड़, कार्यक्रम संयोजक नारायण बाहेती, राजीव शर्मा, धनश्याम वाधवा, राजेन्द्र अग्रवाल रीजन चेयरपर्सन राजीव मालवीय, झोन चेयरपर्सन अणिमा उबेजा के नेतृत्व में लायन व लियो सदस्य उपस्थित रहकर तन, मन, धन से सहयोग प्रदान करेंगे। श्रद्धालुओं की चिकित्सा सुविधा के साथ ही ठहरने के लिए लायन्स भवन भी नि:शुल्क रहेगा।




# यातायात व्यवस्था में बदलाव




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** गुरुपूर्णिमा पर्व के अवसर पर दिनांक 9,10,11 जुलाई को श्री दादाजी धाम में जिले के व जिले के बाहर से तथा प्रदेश के बाहर से लाखों की संख्या में श्रद्धालुगण दर्शन हेतु आते हैं। इस अवसर पर शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस विभाग के 13 राजपत्रित अधिकारियों सहित कुल 850 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

श्रद्धालुओं एवं उनके वाहनों को यातायात व्यवस्था के मान से व्यवस्थित पार्किंग एवं डायवर्सन की आवश्यकता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर महेन्द्र तारनेकर के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस खंडवा द्वारा शहर मे प्रवेश करने वाले सभी मुख्य रास्तों पर अलग-अलग पार्किंग, डायवर्सन एवं अस्थाई बसस्टैन्ड की व्यवस्था की गई है, जो निम्नानुसार है।

### डायवर्सन व्यवस्था

गुरुपूर्णिमा पर्व पर खंडवा शहर से होकर गुजरने वाले मध्यम वाहनों के लिए असुविधा से बचने के लिए अलग-अलग दिशाओ में अलग-अलग डायवर्सन रूट की व्यवस्था की गई है।

हरसूद रोड से आकर इंदौर जाने वाले मध्यम वाहन हरसूद नाका से राइट टर्न लेकर एनवीडीए कालोनी होकर सिहाड़ा, मूंदी होकर इंदौर जा सकेगें।

जसवाड़ी रोड से इंदौर जाने वाले मध्यम वाहन माता चौक से राइट लेकर एसडीएम कार्यालय, सीसीएफ बंगला, हरसूद नाका, एनवीडीए कालोनी होकर सिहाड़ा, मूंदी से इंदौर जा सकेगें।

इंदौर रोड से हरसूद रोड जाने वाले मध्यम वाहन पड़ावा, दूधतलाई, चौराहा, इमलीपुरा, रामेश्वर पुलिया, रेलवे क्रासिंग, आनंद नगर, सिहाड़ा अन्डर ब्रिज होकर पडेला हनुमान मंदिर होकर हरसूद रोड जा सकेगें। इंदौर रोड से जसवाड़ी रोड पर जाने वाले मध्यम वाहन पड़ावा, दूधतलाई, ए.यू.चौराहा, इमलीपुरा, रामेश्वर पुलिया, रेलवे क्रासिंग, आनंद नगर, सिहाड़ा अन्डर ब्रिज होकर पडेला हनुमान मंदिर कलेक्टर बंगले होकर हरसूद रोड, स्टेडियम, निमाड नर्सरी होकर अवस्थी चौक जसवाड़ी रोड पर जा सकते है।

### पार्किंग व्यवस्था

गुरुपूर्णिमा पर्व पर खंडवा शहर मे विभिन्न स्थानों से श्री दादाजी धाम आने वाले श्रद्धालुओ के वाहनों के लिए अलग-अलग दिशाओ मे अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इंदौर रोड से आने वाले श्रद्धालुओ के वाहनों के लिए नई अनाज मंडी मे पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

पंधाना रोड से आने वाले श्रद्धालुओ के वाहनों के लिए कोरगला फाटा से रोशनाई रोड पर होते हुए नई अनाज मंडी इंदौर रोड मे पार्किंग की व्यवस्था की गई है। जसवाड़ी रोड से आने वाले श्रद्धालुओ के वाहनों के लिए माता चौक होकर होमगार्ड ग्राउन्ड मे पार्किंग की व्यवस्था की गई है। हरसूद तरफ से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए पुलिस लाइन परेड ग्राउन्ड एवं टैगोर पार्क के सामने स्थित ग्राउन्ड एवं सूरज कुंड बस स्टैन्ड मे पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मूँदी रोड से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए चहल पहल चाय दुकान से राइट टर्न होकर नवचंडी, लालचौकी, ए.यू. चौराहा से राइट टर्न होकर ईदगाह दूध तलाई, पड़ावा, इंदौर रोड नई अनाज मंडी मे पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

## गुरुपूर्णिमा पर्व के अवसर पर खंडवा शहर में यातायात पार्किंग डायवर्सन एवं नाका प्लान

दो पहिया वाहन से आने वाले श्रद्धालुओ के लिए नए बस स्टैन्ड (गौशाला) पर पार्किंग की व्यवस्था रहेगी।

### अस्थाई बसस्टैन्ड व्यवस्था

गुरुपूर्णिमा पर्व पर खंडवा शहर मे विभिन्न स्थानों से श्री दादाजी धाम आने वाले श्रद्धालुओ की बसों के लिए अलग-अलग दिशाओ मे अलग-अलग अस्थाई बसस्टैन्ड की व्यवस्था की गई है। इंदौर रोड से आने वाली बसों के लिए इंदौर नाका मे अस्थाई बस स्टैन्ड बनाया गया है। पंधाना रोड से आने वाले बसों के लिए कोरगला फाटा एवं रिलायंस पेट्रोल पम्प मे अस्थाई बस स्टैन्ड बनाया गया है।

हरसूद रोड से आने वाली बसों के लिए एसडीएम कार्यालय के पास अस्थाई बसस्टैन्ड बनाया गया है। जसवाड़ी रोड से आने वाली बसों के लिए कृषि विश्वविद्यालय के सामने भारत पेट्रोल पम्प मे अस्थाई बसस्टैन्ड बनाया गया है। नागचून रोड से आने वाली बसों के लिए ए.यू. चौराहे पर अस्थाई बसस्टैन्ड बनाया गया है। मूँदी रोड से आने वाली बसों के लिए चिड़िया मैदान मे अस्थाई बसस्टैन्ड बनाया गया है।

नोट: खंडवा शहर में दिनांक 09-10-11 जुलाई 2025 को इंदौर रोड नाका, नागचून रोड नाका, पंधाना रोड नाका, हरसूद रोड नाका, मूँदी रोड नाका एवं जसवाड़ी रोड नाका से भारी वाहन का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित है।

बस एवं ट्रेन से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्री दादाजी मंदिर पहुचने के लिए माखन लाल चतुर्वेदी (पुराना बस स्टैन्ड) को अस्थाई ऑटो स्टैन्ड बनाया गया है। जिनका रूट गुरुद्वारा, भगत सिंग, मानसिंग, तौलकांटा और कोरगला नवीन मार्ग से रोशनाई होकर नई अनाज मंडी ऑटो स्टैन्ड तक जा सकेंगे।

### नो व्हीकल जोन

इंद्रा चौक से ओवर ब्रिज, रेल्वे तिराहा, घंटा घर, नगर निगम, शेर तिराहा, जलेबी चौक, जय अम्बे चौक, शनि मंदिर, गौशाला, तौलकांटा नो व्हीकल जोन रहेगा जिसमे आपातकालीन वाहन आ-जा सकेंगे।

**बैठक** — कलेक्टर गुप्ता ने पंधाना ब्लॉक के विकास कार्यों की समीक्षा की

# जलकर की वसूली करें,जल स्त्रोतों के पास जल पुनर्भरण संरचनाएं बनवाएं

नवभारत न्यूज

**खंडवा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को पंधाना जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में पंधाना विकासखंड क्षेत्र में संचालित ग्रामीण विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।**

### पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सहायक मुख्यालय पर ही रहें

बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने उपस्थित पंचायत सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायकों को निर्देश दिए कि आधार और समग्र लिंकिंग के माध्यम से ई-केवाईसी का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराएं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी सचिवों व रोजगार सहायकों को निर्देश दिए कि वह अपने मुख्यालय पर रहें। उन्होंने कहा कि यदि वे अपने मुख्यालय पर नहीं रह सकते तो विकासखंड के ही किसी अन्य पास के गांव में निवास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यदिवसों में पंचायतों में बैठे और ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करें।

कलेक्टर ने पंधाना ब्लॉक के ग्राम रोजगार सहायक और पंचायत सचिवों से कहा कि जल शक्ति अभियान में हमारा जिला प्रथम स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रथम स्थान की रैंक को बरकरार रखने के लिए आगे भी लगातार अच्छा कार्य करना होगा। उन्होंने सभी पंचायत सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों को निर्देश दिए कि प्रथम चरण में 31 जुलाई तक हर शासकीय भवन की पक्की छत पर रूफवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाएं।



द्वितीय चरण में सभी शासकीय भवनों के साथ-साथ सरकारी कर्मचारियों के पक्के मकान तथा जनप्रतिनिधियों और पंचायत पदाधिकारियों के मकानों की पक्की छत पर भी 31 दिसंबर तक रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाएं, ताकि वर्षा के पानी की एक-एक बूंद जमीन में समाकर भूजल स्तर को बढ़ाए। तृतीय चरण में पेट्रोल पंप व निजी नर्सिंग होम जैसे कमर्शियल भवनों की छतों पर भी रूप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का कार्य 31 दिसंबर तक पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में 5 मत्स्य पालकों को मछली पालन के लिए तैयार करें और ग्रामीण तालाबों में मछली पालन का कार्य करें जिससे ग्रामीणों की आय भी बढ़ेगी और पोषण के स्तर में सुधार भी होगा। उन्होंने कहा कि 30 जून, 2026 तक प्रत्येक पक्की छत पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाएं।

उन्होंने पंधाना ब्लॉक की प्रत्येक पंचायत में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने सचिवों को पंचायत क्षेत्र के तीन-तीन नालों पर 30 सितंबर तक बोरी बंधान की संरचनाएं बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत सचिवों को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के तहत गांव के आंगनवाड़ी, अस्पताल व स्कूल जैसे शासकीय कार्यालयों में भी नल कनेक्शन दिलाएं तथा गांव में शत-प्रतिशत जलकर वसूली के लिए व्यवस्था निर्धारित करें ताकि पेयजल योजना का संधारण नियमित रूप से हो सके।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, जनपद अध्यक्ष पंधाना सुमित्रा काले, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर, एसडीएम दीक्षा भगोरे व जनपद पंधाना के सीईओ सहित विकासखंड के सभी पंचायत सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायक भी मौजूद थे।

### हितग्राही राशि लेकर भी कार्य न कराए तो धारा 92 का नोटिस देकर वसूली करें

कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि नल जल योजना के नलों में टोंटी अवश्य लगवाएं। यदि कोई ग्रामीण टोंटी नहीं लगवाता है और उसके कारण पानी व्यर्थ बहता है तो उस पर अर्थदंड की कार्रवाई करें और सुनिश्चित करें कि पानी की बर्बादी किसी भी स्थिति में ना हो। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि रोजगार गारंटी योजना के कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जो हितग्राही राशि लेकर कार्य नहीं कर रहे हैं, उन्हें धारा 92 का नोटिस देकर वसूली की कार्यवाही करें।